जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

साप्ताहिक

हमारा वतन

देश का अपना अखबार

ہمارا وطن ہفت روزہ

संस्थापित 1965

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | Hamarawatan

वर्ष- 57 | अंक-45 | जयपुर, सोमवार, 6 दिसम्बर, 2021 | वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) | पृष्ठ संख्या 4

संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी

संरक्षक
बाबू लाल सैनी

सम्पादक
राम गोपाल सैनी

जयपुर में हुआ खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी का भव्य उद्घाटन

जयपुर (हमारा वातन) जयपुर शहर में खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी 2021- 22 का भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। राजस्थान खादी ग्रामोद्योग संस्था संघ बजाज नगर जयपुर और राजस्थान खादी ग्रामोद्योग संस्थान बजाज नगर जयपुर में 25 नवंबर 2021 से 13 जनवरी 2022 तक आयोजित खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि कुमार प्रशांत अध्यक्ष गांधी शांति फाउंडेशन एवं बसंत भाई सदस्य उत्तरी क्षेत्र खादी ग्रामोद्योग आयोग भारत सरकार के कर कमलों से किया गया। अतिथियों ने कहा कि राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत खादी की माली हालत को समझते हैं, इसी कारण गाँधी जयंती से खादी के उत्पादों पर 50 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। ये छूट संजीवनी का कम करेगी। युवा वर्ग भी अब तो खादी से जुड़ने लगा है ,इसलिए खादी का भविष्य उज्जवल है। प्रदर्शनी के संयोजक और मंत्री अनिल कुमार शर्मा ने बताया की पूरे प्रदेश की खादी संस्थाओं ने अपने अपने उत्पादों की स्टालें लगाई हैं। प्रदर्शनी में आने वाले लोगों को सभी प्रकार के खादी उत्पाद एक ही छत के नीचे मिलेंगे। सम्मानित अतिथि के रूप में लक्ष्मी चंद भंडारी पूर्व अध्यक्ष राजस्थान खादी ग्रामोद्योग संस्था संघ जयपुर, रामदास शर्मा पूर्व सदस्य खादी ग्रामोद्योग आयोग भारत सरकार, राम भरोसी लाल गुप्ता पूर्व अध्यक्ष केंद्रीय प्रमाण पत्र समिति खादी ग्रामोद्योग आयोग भी उपस्थित रहेंगे। इस दौरान राजस्थान खादी ग्रामोद्योग संस्था संघ जयपुर के अध्यक्ष इंदु भूषण गोईल, उपाध्यक्ष राजेंद्र भंडारी ,सहायक मंत्री राजेंद्र कुमार अग्रवाल, आलम सिंह नेगी, महेश चंद गोयल,अर्जुन संत आदि मौजूद रहे।

दिव्य कला उत्सव में विशेष योग्यजन कलाकारों ने दिखाई अद्भुत प्रतिभा

जयपुर (हमारा वतन) गुलाबी नगरी जयपुर में जवाहर कला केन्द्र के रंगायन सभागार में संस्था कला मंज़र और जवाहर कला केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दिव्य कला उत्सव में राज्यभर से आये विशेष योग्यजन कलाकारों ने अपनी सुंदर प्रस्तुतियां दी और सभी अतिथियों व दर्शकों का मन मोह लिया।आयोजन की मुख्य अतिथि ज्योति खंडेलवाल पूर्व महापौर जयपुर ,अध्यक्षता पद्मश्री तिलक गिताई ने की एवं अति विशिष्ट अतिथि उषा श्री वरिष्ठ नृत्य गुरु और अभिनेत्री , विशिष्ट अतिथि रेशमा खान प्रोग्राम ऑफिसर आल इंडिया रेडियो जयपुर ,इकबाल खान वरिष्ठ पत्रकार ,डॉ अमला बत्रा सामाजिक कार्यकर्तता भी आयोजन में उपस्थित रहे। प्रसिद्ध गायक रविन्द्र उपाध्याय ने भी आयोजन में आकर कलाकारों का मनोबल बढ़ाया। कलाकारों में रमा देवी(डिडवाना) ,खुशी सोनी(चित्तौड़) , कालू खान(चुरू), कालू राम बंजारा(अलवर), विक्रम, माया राठोड़(भीलवाड़ा), अनिल कुमार वर्मा(जयपुर) प्रमुख थे। सभी कलाकारों को प्रशस्ति-पत्र से सम्मानित किया गया। सरस्वती वंदना माया राठोड़ ने प्रस्तुत की। धन्यवाद वक्तव्य विजय मिश्र दानिश ने दिया। कार्यक्रम का संचालन शिवानी पारीक जयपुर ने किया। दिव्य कला उत्सव संयोजक मीनाक्षी माथुर ने बताया की दिव्यांग कलाकारों को राज्य स्तरीय मंच प्रदान करने के लिए ही इस उत्सव का आयोजन किया गया है। इन सबकी प्रतिभा अद्भुद है। हमारी कला मंज़र संस्था आगे भी ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करती रहेगी।

विराज फाउंडेशन के चिकित्सा शिविर मे 175 रोगी हुए लाभान्वित

जयपुर (हमारा वतन) विराज फाउंडेशन के तत्वावधान में विशाल निशुल्क चिकित्सा एव परामर्श शिविर राजकीय लक्ष्मीनाथ शास्त्री संस्कृत महाविद्यालय चौथवाड़ी में श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर बालमुकुंद आचार्य महाराज के द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रदेश प्रवक्ता डॉ अविनाश वशिष्ट ने बताया कि शिविर में एलोपैथिक व आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉ अनीता शर्मा, डॉ विजय यादव, डॉ सुधांशु पांडे, डॉ अजय शर्मा, डॉ आरके सैनी, डॉ आशुतोष कौशिक, डॉ रामप्रकाश शर्मा, डॉ बंशीधर शर्मा, डॉ युगल प्रकाश यादव, सीएम सैनी आदि चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं दी तथा निशुल्क दवा वितरित की गई।

शिविर में 175 रोगी लाभान्वित हुए। कार्यक्रम समापन के दौरान प्रदेशाध्यक्ष भुवनेश तिवाडी ने सभी चिकित्सकों एवं विद्यालय प्राचार्य कैलाश वर्मा एवं कर्मचारियों का माल्यार्पण कर अभिनंदन पत्र भेंट किया। शिविर में प्रदेश महासचिव बनवारी लाल शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष सीएम सैनी, प्रदेशाध्यक्ष (चिकित्सा प्रकोष्ठ) डॉ भारत राज शर्मा, प्रदेशाध्यक्ष (आयुष प्रकोष्ठ) डॉ. राम प्रकाश शर्मा, प्रदेश प्रचार प्रसार मंत्री चंद्रप्रकाश शर्मा, चौमूं नगर अध्यक्ष डॉ सीताराम कुमावत, पूर्व सरपंच शिल्पी जैन, सरपंच प्रतिनिधि मुकेश जाट, एडवोकेट पुष्पमित्र भारद्वाज, कैप्टन पृथ्वी सिंह नाथावत, मदन लाल गौड़, राकेश शर्मा, सौरव शर्मा, सुनील शर्मा, विमल कुमार शर्मा आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

चेयरमैन विष्णु कुमार सैनी ने की 50 लाख के विकास कार्यों की शुरुआत

चौमूं (हमारा वतन) जयपुर जिले की चौमूं नगरपालिका के वार्ड नंबर 6 में नगर पालिका अध्यक्ष विष्णु कुमार सैनी के मुख्य आतिथ्य में 50 लाख के विकास कार्यों की शुरुआत हुई। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष विष्णु कुमार सैनी ने कहा कि चौमूं क्षेत्र में विकास की कोई कमी नहीं रखी जाएगी। जिस विश्वास से जनता ने बोर्ड बनाया है उस पर खरा उतरने का प्रयास किया जाएगा। वार्ड नंबर 6 के पार्षद आशीष यादव ने बताया कि नगर पालिका से स्वीकृत 25 लाख रुपए की लागत से श्मशान भूमि में सामुदायिक भवन व बोरा वाली ढाणी में 25 लाख रुपए की लागत से सीसी रोड का निर्माण कार्य का आदेश दिया गया था जिसको नगर पालिका अध्यक्ष व पार्षद के मुख्य आतिथ्य में पूजा अर्चना कर कार्य को चालू करवाया है। इस दौरान श्मशान भूमि से बोराबाली ढाणी तक नगर पालिका अध्यक्ष का वार्ड वासियों ने जगह-जगह साफा, माला और मिठाई खिलाकर अभिनंदन किया। पार्षद यादव ने नगर पालिका अध्यक्ष से पानी की टंकी से लेकर बोरा वाली ढाणी तक की सीसी रोड व श्मशान भूमि में इंटरलॉक टाइल्स की मांग की जिस पर नगर पालिका अध्यक्ष ने शीघ्र कार्य करवाने का आश्वासन दिया। पार्षद महेंद्र कुमावत ने क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों की प्रशंसा की और कहा कि 1 वर्ष में जितना कार्य इस बोर्ड में हुआ है वह आज तक के इतिहास में किसी भी नगरपालिका अध्यक्ष के कार्यकाल में नहीं हुआ। इस मौके पर माली राम सैनी, बुधराम सैनी, बृजमोहन यादव, राम नारायण यादव, राजेश यादव, कानाराम तुन्दवाल, रामस्वरूप सैनी, रामलाल सैनी ,हनुमान सहाय सैनी, नाथूराम सैनी, रामेश्वर लाल सैनी ,बुधुराम सैनी, श्रवण सैनी, रामपाल यादव ,रामचंद्र यादव सहित सैकड़ों वार्ड वासी मौजूद रहे।

जीवन सुरक्षा एवं पर्यावरण रक्षा संस्था का निशुल्क चिकित्सा एवं जांच शिविर संपन्न

जयपुर (हमारा वतन) जीवन सुरक्षा एवं पर्यावरण रक्षा संस्था के तत्वाधान में आठवां निशुल्क चिकित्सा परामर्श एवं जांच शिविर जेपी प्लाजा डेला का बास पंचायत भवन के सामने संपन्न हुआ। शिविर में 358 रोगियों ने चिकित्सा परामर्श लिया एवं विभिन्न प्रकार की जांच करवाई और निशुल्क दवाई प्राप्त की। शिविर के मुख्य अतिथि सोहन लाल पारीक एवं विशिष्ट अतिथि सीताराम स्वामी रहे। अध्यक्षता संस्था अध्यक्ष पुरुषोत्तम शर्मा ने की। चौमूं तहसील युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष मुकेश शर्मा एवं संयोजक गणेश यादव ने बताया शिविर में चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ मुकेश यादव ,जनरल फिजिशियन डॉ प्रदीप पारीक ,डॉक्टर नरेंद्र शर्मा ,दंत रोग विशेषज्ञ डॉक्टर मुकेश शर्मा ,स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर गरिमा शर्मा, आयुष रोग विशेषज्ञ डॉक्टर रामस्वरूप चौधरी, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर प्रीति गुप्ता , हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ मनुज अग्रवाल, मनोरोग विशेषज्ञ सांवरमल स्वामी और डॉक्टर राजेश शर्मा ने अपनी सेवाएं दी। विमलपुरा शाखा अध्यक्ष मुकेश मेहता ने बताया कि शिविर में हीमोग्लोबिन, बीपी शुगर, नाक कान गला एवं नेत्र जांच की गई एवं मरीजों को निशुल्क दवाई वितरित की गई।इस अवसर पर जीएनएम हंसा चौधरी ,मुकेश मेहता,सुनील वैष्णव, ओम प्रकाश शर्मा, सुनील शर्मा ,पप्पू शर्मा, कजोड़ मल शर्मा, रामस्वरूप वर्मा ,तुलसीराम शर्मा, बनवारी लाल यादव शंकर लाल गेट ,राजेश यादव ,राधेश्याम , मुकेश चौधरी सहित गणमान्य बंधु उपस्थित रहे।

ऑक्सीजन की कमी से सिर्फ पंजाब में हुई थी 4 लोगों की मौत, लोकसभा में बोले स्वास्थ्य मंत्री

नई दिल्ली(एजेंसी)। कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर के दौरान देश भर के अस्पतालों में ऑक्सीजन की कमी दर्ज की गई थी और बड़ी संख्या में मौतों की भी खबरें आई थीं। हालांकि लोकसभा में इससे जुड़े एक सवाल का जवाब देते हुए हेल्थ मिनिस्टर मनसुख मांडविया ने कहा कि सिर्फ पंजाब में ही ऑक्सीजन की कमी से 4 मौतें दर्ज की गई हैं। उन्होंने सवाल के जवाब में कहा, हमने सभी राज्यों को डेटा मांगने के लिए लिखा था। इसका 19 राज्यों की ओर से जवाब मिला था। इनमें से सिर्फ पंजाब ने ऑक्सिजीन की कमी से मौतों की बात कही थी। हेल्थ मिनिस्टर के इस बयान को लेकर आने वाले दिनों में विपक्ष हमलावर हो सकता है। इस बीच शुक्रवार को भी राज्यसभा और लोकसभा में हंगामा जारी रहा। लोकसभा में प्रश्न काल के दौरान प्रदर्शन कर रहे विपक्षी सांसदों को लोकसभा स्पीकर ने फटकार भी लगाई।

स्वच्छ भारत

स्वच्छ भारत हो अपना
बापू का था सपना
हम सबको है अपनाना
सबको स्वच्छ है इसको रखना

कूड़ा करकट का लगा है अम्बार
सब मिलकर करो इसमें सुधार
स्वच्छता है उत्तम स्वास्थ्य आधार
स्वच्छता है सभी का अधिकार

साफ सुंदर हो हर आंगन
निर्मल हो हमारा मन
स्वस्थ रहे हमारा तन
हर्षित हो हर जन

स्वछता को अपनाना है
भारत को चमकाना है
बापू के सपने को साकार करना है
भारत को स्वछ बनाना है

योगिता शर्मा
प्रधानाचार्या
वेदांता इंटरनेशनल स्कूल,जयपुर

निम्स हॉस्पिटल ने 14 साल के बच्चे की रीड की हड्डी का निःशुल्क जटिल ऑपरेशन कर दी नई जिंदगी

जयपुर (हमारा वतन) जयपुर जिले के दिल्ली रोड स्थित निम्स हॉस्पिटल ने एक 14 साल के बच्चे की रीड की हड्डी का जटिल ऑपरेशन कर उसे नई जिंदगी देकर उसके परिवार के चेहरे पर मुस्कान बिखेरी है। साथ ही निम्स हॉस्पिटल प्रशासन द्वारा बच्चे के परिवार की कमजोर आर्थिक स्थिति को देखते हुए इलाज का समस्त खर्च माफ कर मानवता की एक मिसाल पेश की है।

डॉ. विजय कुमार गुप्ता (प्रोफेसर न्यूरो सर्जरी)- ने बताया कि 14 वर्ष का बच्चा 2 महीने पहले निम्स हॉस्पिटल में कुबड़ की समस्या (रीड की हड्डी में चोट के उपरान्त), दोनों पैरों की विकलांगता तथा टट्टी-पेशाब का नियंत्रण खो जाने जाने की समस्या के साथ आया था। 1 वर्ष पूर्व वह ऊंचाई से गिर गया था जिससे उसकी रीड की हड्डी टूट गई थी, तब से ही वह बिस्तर पर था। बच्चे के पिता एक मजदूर है और आर्थिक स्थिति के कमजोर होने की वजह से बच्चे का इलाज उस समय पर नहीं करवा पाए। जब उन्होंने निम्स के सामाजिक सरोकार व उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधाओं के बारे में सुना तो वो बच्चे को निम्स लेकर आए और यहां डॉक्टर को दिखाया।

डॉ. पंकज सिंह, डायरेक्टर, निम्स हॉस्पिटल- जयपुर ने बच्चे के पिता की कमजोर आर्थिक स्थिति को देखते हुए मानवता के नाते बच्चे के इलाज में होने वाले खर्चे (करीब दो लाख रुपए) को माफ कर दिया।

डॉ. विजय कुमार गुप्ता (प्रोफेसर न्यूरो सर्जरी) एवं उनकी टीम जिनमें डॉ. संजीव अत्री, डॉ. अभिजीत, डॉ. कमर, डॉ. पुनीत और डॉ. सौरभ भार्गव (निश्चेतना विशेषज्ञ) ने बच्चे की रीड की हड्डी का जटिल ऑपरेशन किया जो करीब 5 घंटे चला। ऑपरेशन के 2 महीने बाद बच्चा अब अपने दिनचर्या के कार्य स्वमं करने लगा है। टट्टी-पेशाब का भी नियंत्रण भी काफी हद तक आ गया एवं उसे कुबड़ से भी हमेशा के लिए निजात मिल गई है।

डॉ. बलवीर सिंह तोमर, चेयरमैन, निम्स हॉस्पिटल- जयपुर ने बताया कि निम्स हॉस्पिटल सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यों में हमेशा से ही आगे रहा है और यह ऑपरेशन भी इसी के तहत किया गया है। उन्होंने 14 साल के बच्चे की रीड की हड्डी की सफल सर्जरी करने वाले अनुभवी डॉक्टरों और उनकी टीम को बधाई दी।

बच्चे के पिता ने निम्स प्रशासन- डॉ बी. एस. तोमर, डॉ. पंकज सिंह, डॉ. विजय कुमार गुप्ता एवं उनकी टीम का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि हमारे लिए बच्चे की मुस्कान आना ही ईश्वर का आशीर्वाद है।



ये ही जीवन है

ये कोरोना
महाकाल के सदृश्य
आ जाता है लौटकर बार-बार
हमारे जीवन में

कुछ-कुछ उस बहरूपिये के मानिंद
जो हर बार बदलता रहता है
नया स्वरूप
परंतु क्या स्वरूप बदलने से
प्रकृति बदल जाया करती है?
जी नहीं बिलकुल नहीं बदलती
भेडिया ! भेड की खाल में
भी भेडिया ही रहता है।

आज हम जिस दौर में जी रहे हैं
वहां खुद के लिए खुद ही
रक्षक बनना होगा।
तभी हम इस कोरोना नामक
महिषासुर पर जीत हासिल कर पायेंगे।
हमें खुद राह बनाना सिखाना होगा
अपनी आने वाली संतति को
क्यूंकि मौत के डर से
जीना नहीं छोडा जाता।
प्रलय काल में भी उम्मीद के
प्रसून खिला करते हैं।
ये ही जीवन है।

अनीता मीना
कटकड
व्याख्याता (संस्कृत साहित्य) करौली

क्रिकेटर अंजलि गौरा का विधायक रामलाल शर्मा ने किया सम्मान

चौमूं (हमारा वतन) सुभाष सर्किल स्थित भाजपा कार्यालय पर के अंडर-17 जयपुर विजेता टीम की होनहार खिलाड़ी अंजलि गौरा का भाजपा प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवं विधायक रामलाल शर्मा ने माला, साफा एवं वीर हनुमान जी की प्रतिमा भेंट कर सम्मान किया। गौरतलब है कि हाल ही में अंजलि गोरा पुत्री एन.आर. गौरा ने अंडर-17 टीम में अपने बेहतर खेल का परिचय देते हुए जयपुर टीम को विजय बनाने में अहम योगदान दिया था। अंजलि गोरा चौमूं परिक्षेत्र की पहली खिलाड़ी जिसने सबसे कम उम्र में क्रिकेट में अपनी एक अलग पहचान बनाने का मुकाम हासिल किया। इस मौके पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष गजानंद कुमावत, बांसा मंडल अध्यक्ष श्रीराम शर्मा, नगरपालिका पूर्व अध्यक्ष आशीष दुसाद, भाजपा नगर महामंत्री रामस्वरूप नासना, मोहन लाल यादव, भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष एनआर गोरा, किसान मोर्चा अध्यक्ष गुलाबचंद लांबा, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष दिलशाद गौरी, कालाडेरा पूर्व सरपंच विष्णु नागर, सुरेश गरेड, राजू गरेड, पार्षद बाबूलाल यादव, मुकुल अग्रवाल, आलोक जांगिड़, महिला मोर्चा महामंत्री सना खान, धर्मा जाट आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

लापरवाही की हद! दो नाबालिग लड़कियों को लगा दी कोरोना की वैक्सीन, अस्पताल में भर्ती

नई दिल्ली(एजेंसी)। केरल में स्वास्थ्य कर्मियों ने लापरवाही की हद पार कर दी। यहां दो नाबालिगों को कोरोना की वैक्सीन लगा दी गई। वैक्सीन लगाए जाने के बाद दोनों नाबालिगों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा है। घटना राज्य के तिरुवनंतपुरम की है। बताया जा रहा है कि 15 साल के दो लड़कियों को गुरुवार को गलती से प्रीवेन्टिव वैक्सीन की जगह कोविड-19 की वैक्सीन लगा दी गई। इस मामले में जिला चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि दोनों छात्रों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वो दोनों अभी डॉक्टरों की देखरेख में हैं। बताया जा रहा है कि तिरुवनंतपुरम के एक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दोनों नाबालिग लड़कियों को यह वैक्सीन लगा दी गई।

पीएम मोदी के दो दिवसीय कार्यक्रम का बहिष्कार करेंगे दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल

नई दिल्ली(एजेंसी)। दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल ने शुक्रवार को कहा कि वे मार्च में पास हुए जीएनसीटीडी अधिनियम में असंवैधानिक संशोधनों के विरोध में 4 और 5 दिसंबर को संसद की लोक लेखा समिति (पीएसी) के शताब्दी समारोह का बहिष्कार करेंगे। गोयल ने कहा कि राज्य विधानसभाओं में लोक लेखा समितियों के अध्यक्षों और विधानसभा अध्यक्षों को इस कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है, जिसे प्रधानमंत्री संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि संसद की लोक लेख समिति के शताब्दी समारोह में दिल्ली विधानसभा का कोई प्रतिनिधित्व नहीं होगा।

एंकर प्रीती सक्सैना ने अपने जन्मदिन पर किया 24 वीं बार रक्त दान

जयपुर (हमारा वतन) गुलाबी नगर जयपुर की प्रसिद्ध एंकर प्रीती सक्सैना के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर का आयोजन थैलीसीमिया के बच्चों के हितार्थ किया गया। प्रीती सक्सैना ने 24 वीं बार रक्तदान किया। प्रीती सक्सैना ने बताया कि इन बच्चों के शरीर में नियमित रक्त ना बनने की वजह से इन्हें हर 15 से 20 दिन में रक्त की आवश्कता होती है इसलिए वह लोगों को जागरूक कर रक्तदान शिविरों का आयोजन करती हैं। साथ ही अपील भी करती हैं, उन सस्थाओं से जो रक्तदान शिविर आयोजित करती हैं की आप भी कुछ यूनिट हमारे इन बच्चों के लिए जे के लोन ब्लड बैंक में सुरक्षित करें। शिविर में पूर्व महापौर ज्योति खण्डेलवाल, समाज सेवी शरद खण्डेलवाल, समाज सेवी पवन गोयल, समाज सेवी जे डी माहेश्वरी,अध्यक्ष रेल लाओ संघर्ष समिति अकबर खांन,जावेद खान, फिरोज़ खान, समाज सेवी विकास कटोड़ा, बी एस रावत (चेयरमैन रावत ग्रुप ऑफ एजुकेशन) आदि ने रक्तदाताओं की हौसला अफजाई की ।

भविष्यवक्ता पंडित रविंद्र आचार्य को मिला इंटरनेशनल एस्ट्रोलोजर' का अवार्ड

मुंबई/जयपुर (हमारा वतन) मुंबई में साल का सबसे बड़ा प्रतिष्ठित अवार्ड शो दादासाहेब फाल्के आइकन अवार्ड फिल्म्स द्वारा तीसरा दादासाहेब फाल्के आइकन अवार्ड शो आर्किड होटल विले पार्ले ईस्ट में आयोजित किया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि फग्गन सिंह कुलस्ते इस्पात मंत्री भारत सरकार, डॉ बालासुब्रमण्यम रहे ।अवार्ड शो में राजस्थान के जयपुर निवासी अंतरराष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविंद्र आचार्य को 'इंटरनेशनल एस्ट्रोलोजर' का अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। यह अवार्ड बॉलीवुड के वरिष्ठ अभिनेता बीरबल के हाथों से दिया गया। पंडित रविंद्र आचार्य को यह पुरस्कार फेस रीडिंग ,सटीक भविष्यवाणी, ज्योतिष के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हेतु दिया गया । अवार्ड पाकर पंडित रविंद्र आचार्य ने कहा कि इस सम्मान के लिए मैं अवार्ड शो के संस्थापक और अध्यक्ष कल्याणजी जाना का , राष्ट्रीय अध्यक्ष भेरू जैन का और पूरी डीपीआईएएफ टीम का दिल से शुक्रिया अदा करता हूं । शो में फिल्म और टेलीविजन जगत के दिग्गज कलाकार मुकेश भट्ट, इस्माईल दरबार, पूनम ढिल्लों, अनुपमा की टीम, ये रिश्ता क्या है कहलाता है की टीम,भाभी जी घरपे है की टीम भी मौजूद रही।

जॉब्स

1. नॉर्दन कोलफील्ड लिमिटेड (एनसीएल), पद ट्रेड अप्रेंटिस, पद संख्या 1295, अंतिम तिथि 20 दिसंबर 2021
2. न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, पद नर्स फार्मासिस्ट व अन्य, पद संख्या 72, अंतिम तिथि 27 दिसंबर 2021
3. राजस्थान स्टाफ सिलेक्शन बोर्ड (आरएसएमएसएसबी), पद मोटर व्हीकल सब इंस्पेक्टर, पद संख्या 197, अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2021
4. इंडियन एयर फोर्स, पद एएफसीएटी ग्राउंड ड्यूटी टेक्निकल और नॉन टेक्निकल, पद संख्या 317, अंतिम तिथि 30 दिसंबर 2021
5. इंडियन कोस्ट गार्ड, पद जी डी व अन्य, पद संख्या 50, अंतिम तिथि 17 दिसंबर 2021
6. सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, पद स्पेशलिस्ट ऑफिसर, पद संख्या 115, अंतिम तिथि 17 दिसंबर 2021
7. राजस्थान स्टाफ सिलेक्शन बोर्ड, पद ए पी आर ओ, पद संख्या 76, अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2021
8. राजस्थान होमगार्ड, पद कॉन्स्टेबल, ड्राइवर, बिगुलर, पद संख्या 135, अंतिम तिथि 15 दिसंबर 2021

आवर हैंड फॉर हेल्प टीम ने जरूरतमंदों के साथ मनाया फाउंडेशन दिवस

जयपुर (हमारा वतन) चौमूं स्थित आवर हैंड फॉर हेल्प फाउंडेशन के द्वारा जरूरतमंदों के साथ फाउंडेशन दिवस मनाया गया।एनजीओ अध्यक्ष प्रकाश ने बताया कि कच्ची बस्ती में रहने वाले बच्चो और रुप सदस्यों के द्वारा केक काटा गया और बच्चो को खाने की सामग्री दी गई । साथ में सभी ने मस्ती के साथ बच्चो को पढ़ाई करने के लिए प्रोत्साहित किया गया । शाम के समय एड्स पॉजिटिव बच्चो के लिए अल्पाहार की व्यवस्था कर उन्हे पढ़ने की सामग्री और सर्दी में पहनने के कपड़े दिए गए । गौरतलब है की एनजीओ का रजिस्ट्रेशन 29 नवम्बर 2018 को हुआ था ,तभी से एनजीओ जरूरतमंदों की सेवा करता आया है और इसे ही करता रहेगा। इस दौरान एनजीओ उपाध्यक्ष महेश, सचिव विकाश, अनुज, प्रियंका, पूजा आदि सदस्य मौजूद रहे।

मेरा सपना ग्रैमी अवॉर्ड जीतना है,बिग बॉस नहीं, बोलीं नेहा भसीन

बिग बॉस 15 से कुछ दिन पहले ही बाहर हुईं सिंगर नेहा भसीन को अपने इविक्शन का मलाल तो है, पर खुशी भी है कि वह लोगों के दिलों पर छाप छोड़ने में कामयाब रहीं। नेहा भसीन को बिग बॉस 15 के मजबूत कंटेस्टेंट्स में से एक माना जा रहा था, लेकिन वह ज्यादा दिनों तक टिक नहीं पाईं। नेहा भसीन का कहना है कि उनका सपना ग्रैमी अवॉर्ड जीतना है न कि बिग बॉस की ट्रॉफी। हाल ही नेहा भसीन के साथ बात की। इंटरव्यू के दौरान नेहा भसीन ने बिग बॉस के माहौल से लेकर गेम प्लान और ट्रोलिंग पर बात की। साथ ही बताया कि उनका सपना ग्रैमी जीतने का है।

मेरा सपना ग्रैमी जीतना, न कि बिग बॉस की ट्रॉफी-नेहा भसीन ने कहा, ईमानदारी से बताऊं तो मैं ग्रैमी अवॉर्ड्स जीतने का सपना देख रही हूं न कि बिग बॉस ट्रॉफी का। बिग बॉस एक बहुत ही खूबसूरत प्लैटफॉर्म है, लेकिन मेरा सपना हमेशा ही एक ग्रैमी अवॉर्ड जीतने का रहेगा। बिग बॉस के लिए बहुत ही ज्यादा सर्वाइवल इंस्टिंक्ट की जरूरत है और मैंने अपनी जिंदगी के विनर के रूप में बिताई है। मैंने हमेशा उन चीजों पर जीत हासिल की है, जिन पर विश्वास किया है। जहां बिग बॉस ओटीटी मेरे जैसे क्यूट लोगों के लिए था, वहीं बिग बॉस 15 में असली गेम चल रहा है।

अब वापस नहीं जाएंगी नेहा, रियलिटी शो जज करने की ख्वाहिश-नेहा भसीन ने बताया कि बिग बॉस 15 करने के बाद उन्हें कई चीजों का अहसास हुआ। खुद से प्यार उनकी प्रायॉरिटी बन गया है। अब वह खुद को पहले से भी ज्यादा प्यार करने लगी हैं। हालांकि नेहा ने कहा कि अब वह रियलिटी शो में वापस नहीं जाना चाहेंगी। नेहा भसीन ने कहा, एक ही साल में बतौर कंटेस्टेंट दो बिग बॉस शोज कर चुकी हूं। सच में मैं अब दोबारा कंटेस्टेंट बनकर नहीं जाना चाहती।

सेहत से जुड़े इन लक्षणों को कभी न करें नजरअंदाज,दे रहे हैं गंभीर संकेत

पुरानी थकान से लेकर लगातार मूड स्विंग तक - ये सभी लक्षण अधिक गंभीर स्वास्थ्य स्थितियों का संकेत देते हैं। खराब स्वास्थ्य के अन्य लक्षण जानने के लिए पढ़ें। ऐसे कई उदाहरण हैं जब एक मामूली स्वास्थ्य संबंधी संकेत आपके शरीर के अंदर पनप रही बीमारी का संकेत हो सकते हैं। इसलिए अपने शरीर को ध्यान से सुनना हमेशा एक अच्छा विचार होता है, खासकर जब आपके शरीर में अचानक बदलाव आ रहे हों इसे समझने के लिए हेल्थशॉट्स ने फोर्टिस मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट, गुरुग्राम के न्यूरोलॉजी विभाग के निदेशक और प्रमुख डॉ प्रवीण गुप्ता से संपर्क किया। उनका कहना है कि कई संकेत और लक्षण गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं के लिए खतरे की घंटी साबित हो सकते हैं।

1. तेजी से वजन घटना-डॉ गुप्ता कहते हैं, 6 महीने की अवधि में अगर किसी का वज़न 10% से ज़्यादा घट गया है, तो आमतौर पर यह चिंता का संकेत हो सकता है। इसके परिणामस्वरूप वजन घटने के कारण का मूल्यांकन करने के लिए जांच होनी चाहिए। हो सकता है कि यह मधुमेह, ट्यूमर, या किसी पुराने संक्रमण का संकेत हो।

2. मूड स्विंग-बार-बार होने वाले मूड स्विंग के कारण आप चिड़चिड़े हो रहे हैं? लेकिन इसे कम न समझें क्योंकि यह अधिक गंभीर मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं जैसे कि बाइपोलर विकार, डायस्टीमिया की ओर इशारा कर सकता है।

3. सिरदर्द-डॉ गुप्ता कहते हैं जबकि माइग्रेन या लंबे समय से सिरदर्द बहुत आम है, यह आमतौर पर गंभीर नहीं होता, लेकिन सतर्क रहें। कोई भी सिरदर्द जो रात में या सुबह बढ़ जाता है किसी समस्या का संकेत हो सकता है। अगर यह लगातार बना हुआ है और पेन किलर का असर नहीं हो रहा है, तो यह हाथ और पैरों में कोई कमजोरी ट्यूमर या मेनिन्जाइटिस जैसे गंभीर विकार का संकेत हो सकता है।

4. थकान-थकान का इलाज एक अच्छे आहार और आराम से किया जा सकता है, लेकिन लगातार थकान एक विकार हो सकता है। जिसे क्रोनिक फटीग सिंड्रोम (सीएफएस) के रूप में जाना जाता है। इसलिए डॉक्टर से अपॉइंटमेंट लें और जल्द ही सही निदान पाएं।

5. लगातार खांसी-डॉ गुप्ता कहते हैं, लगातार खांसी के साथ वजन कम होना, निम्न श्रेणी का बुखार, थकान एक गंभीर विकार का लक्षण हो सकता है, और इसका मूल्यांकन करने के लिए छाती का

एक्स-रे अनिवार्य है। यह ट्यूमर जैसे संक्रमण का संकेत हो सकता है।

6. सीने में दर्द-यदि आप अपने स्तन की हड्डी के नीचे दबाव, संकुचन, जकड़न जैसी भावना का अनुभव करते हैं, तो तुरंत अपने चिकित्सक को बुलाएं। दर्द जो आपके जबड़े, बाएं हाथ या पीठ में फैलता है, जिससे सांस लेने में तकलीफ होती है। यह सामान्य नहीं है, और कुछ मामलों में, यह दिल का दौरा भी हो सकता है!

7. हल्का या लगातार बुखार-99 या 100 का लगातार निम्न ग्रेड बुखार हमेशा संक्रमण, सूजन संबंधी विकारों का संकेत है। डॉ गुप्ता कहते हैं, अगर यह वजन घटने या जोड़ों के दर्द, और/या पेट दर्द के साथ होता है, तो यह उस अंग के संक्रमण या सूजन का संकेत हो सकता है।

मॉस्किटो कॉइल एक बार में 100 सिगरेट पीने के बराबर है कमरे में जलाकर सोना

डेंगू, चिकनगुनिया जैसी मच्छरों से होने वाली बीमारियों से बचने के लिए अगर आप भी मॉस्किटो कॉइल जला रहीं हैं, तो ये लेख आपके लिए है।आपको या आपके परिवार के किसी सदस्य को कहीं मच्छर न काट ले, इसके लिए न जानें कितने ही लोग रात में सोते समय मॉस्किटो कॉइल जलाते हैं। लेकिन क्या आपको इस बात का अंदाजा है की ऐसा करने से आप अपने खुद को और अपने परिवार को कितने जोखिम में डाल रहीं हैं? हैरान हैं न? जी हां मच्छरों को भगाने या मारने वाली ये मास्किटो कॉइल वो हानिकारक रसायन उत्सर्जित करती हैं, जो स्वास्थ्य पर जोखिम ला सकते हैं।

जानिए कितनी खतरनाक हैं मॉस्किटो कॉइल-दरअसल एक मॉस्किटो कॉइल जलाने से लगभग 75 सिगरेट जितना धुआं निकलता है। जो आपके और आपके परिवार जनों के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। हाल ही में एक रिपोर्ट में इस बात की जानकारी सामने आई है। इस शोध में यह बताया गया कि मच्छरों को मारने वाली कॉइल से निकलने वाला धुआं आपके श्वसन पथ में भयंकर तनाव और रुकावट पैदा कर सकता है। इसमें से निकले वाले हानिकारक रसायन आपको कई बीमारियों का जोखिम दे सकते हैं।

ब्लैक साड़ी में दीपिका पादुकोण दिखीं बेहद खूबसूरत, विक्टोरिया बेकहम ने किया ऐसा कमेंट फैन्स हुए कंफ्यूज

दीपिका पादुकोण जल्द ही कबीर खान की फिल्म 83 में नजर आएंगी। गुरुवार को वह मुंबई में एक इवेंट में पहुंचीं। इस मौके पर दीपिका ने ऑल ब्लैक लुक अपनाया। उन्होंने डिजाइनर सब्यसाची की ब्लैक कलर की साड़ी और बैकलेस ब्लाउज पहनी हुई थी। इसके साथ उन्होंने सब्यसाची के ज्वैलरी कलेक्शन से स्टोन इयररिंग्स मैच की। उन्होंने साड़ी के साथ कमर पर बंगाल टाइगर बेल्ट पहना जो कि उनके आउटफिट को अलग ही लुक दे रहा था। दीपिका ने ये तस्वीरें अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर साझा की हैं जिसमें वह अलग-अलग अंदाज में पोज दे रही हैं।

कमेंट सेक्शन पर पड़ीं नजरें-अपनी फोटोज को पोस्ट करते हुए दीपिका ने सफेद रंग का हार्ट का इमोटिकॉन बनाया है। सबसे खास बात रही फोटोज पर आए कमेंट्स। अभिनेता रणवीर सिंह ने लिखा- 'डेथ ही हो गई' (DATH hi hogyiiiii)। फुटबॉलर डेविड बेकहम की पत्नी और डिजाइनर विक्टोरिया बेकहम ने कमेंट सेक्शन में लिखा- O. विक्टोरिया बेकहम के कमेंट करते ही फैन्स ने लिखना शुरू कर दिया। एक ने कहा- 'O का क्या मतलब हुआ?' एक ने पूछा- 'दीपिका, विक्टोरिया बेकहम आपकी दोस्त हैं?'

आने वाली फिल्में-फिल्म 83 की बात करें तो दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह एक बार फिर से पर्दे पर नजर आने वाले हैं। यह फिल्म 24 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। रणवीर सिंह फिल्म में कपिल देव की भूमिका में हैं जबकि दीपिका उनकी पत्नी रोमी भाटिया बनी हैं। दोनों के अलावा फिल्म में पंकज त्रिपाठी, हार्डी संधु, सलीम साकिब और अन्य लोग हैं। दीपिका की दूसरी आने वाली फिल्में 'पठान', 'फाइटर', 'द इंटर्न', 'प्रोजेक्ट के' और शकुन बत्रा की अनाम फिल्म है।

विराट विवाद पर बवाल जारी, शेन वॉर्न ने बताया दूसरे टेस्ट में भारतीय कप्तान आउट थे या नॉट आउट

नई दिल्ली। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेले जा रहे दूसरे टेस्ट की पहली पारी में भारतीय कप्तान विराट कोहली के आउट होने पर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। कोहली को एलबीडब्ल्यू आउट देने को लेकर क्रिकेट फैंस से लेकर कई पूर्व खिलाड़ियों ने सवाल उठाया। न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के पहले दिन भले ही टीवी अंपायर ने भारतीय कप्तान विराट कोहली के खिलाफ पगबाधा के फैसले को नहीं पलटा लेकिन महान स्पिनर शेन वॉर्न का मानना है कि कोहली आउट नहीं थे। कोहली को मैदानी अंपायर ने पगबाधा आउट करार दिया था क्योंकि बल्ला और पैड गेंद के बहुत करीब लग रहे थे।वॉर्न ने ट्वीट किया, वह बिल्कुल आउट नहीं था। हम अक्सर तकनीक और उसके सटीक इस्तेमाल की बात करते हैं। समस्या तकनीक को समझने में है। यहां गेंद बल्ले को टकराकर गई थी। बाएं हाथ के स्पिनर ऐजाज पटेल की गेंद को कोहली ने आगे बढ़कर रक्षात्मक ढंग से खेलने का प्रयास किया था। अंपायर अनिल चौधरी ने उन्हें पगबाधा आउट दिया जिस पर भारतीय कप्तान ने तुरंत रिव्यू लिया। टीवी अंपायर वीरेंदर शर्मा ने भी गेंदबाज के पक्ष में फैसला लिया जिस पर कोहली काफी नाराज दिखे। उन्होंने लेग अंपायर नितिन मेनन से बात भी की और अपनी नाराजगी जाहिर करते दिखे। कई बार रिप्ले देखने के बाद अंपायर ने सबूतों के अभाव में कोहली को आउट करार दिया। अंपायर के इस फैसले से कोहली काफी नाराज दिखे। उन्होंने मैदान में जाने से पहले फील्ड अंपायर नितिन मेनन के साथ बातचीत भी की और बाद में पवेलियन लौटते समय निराशा में बाउंड्री लाइन के पास अपना बल्ला भी पटका। अंपायर वीरेंदर शर्मा द्वारा दिए गए इस फैसले पर सोशल मीडिया पर भी काफी नाराजगी देखने को मिली और भारतीय फैन्स ने अंपायर के ऊपर जमकर निशाना साधा।

अजिंक्य रहाणे पर गिरेगी गाज और छीनी जाएगी उप-कप्तानी, रोहित शर्मा को मिल सकती है जिम्मेदारी

नई दिल्ली। भारतीय टेस्ट टीम के उपकप्तान अजिंक्य रहाणे इस समय अपनी फॉर्म से जूझ रहे हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ जारी दो मैचों की टेस्ट सीरीज के आखिरी मैच से उन्हें प्लेइंग इलेवन से भी बाहर कर दिया गया। हालांकि बीसीसीआई ने इसके पीछे हैमस्ट्रिंग को कारण बताया। प्लेइंग इलेवन से बाहर होने के बाद अब रहाणे से टेस्ट में उपकप्तानी भी छिनी जा सकती है। बीसीसीआई आगामी साउथ अफ्रीका दौरे पर रहाणे की जगह किसी और को टेस्ट टीम का उपकप्तान बना सकता है। इस रेस में टी20 कप्तान रोहित शर्मा सबसे आगे चल रहे हैं। बीसीसीआई जल्द ही इसकी घोषणा कर सकती है। इनसाइडस्पोर्ट्स की रिपोर्ट के अनुसार, रहाणे ने पिछले साल विराट की गैरमौजदगी में टीम की कमान संभाली थी और ऑस्ट्रेलिया में टीम को ऐतिहासिक सीरीज जीत दिलाई। लेकिन हाल के समय में वह अपनी खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं।

जहीर खान ने बताया,अजिंक्य रहाणे के लिए अब टीम इंडिया में वापसी करना क्यों मुश्किल होगा

नई दिल्ली। पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज जहीर खान का मानना है कि सीनियर बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे के लिए अब भारतीय टीम में वापसी करना मुश्किल होगा। भारतीय टेस्ट टीम के उपकप्तान रहाणे इस समय अपनी फॉर्म से जूझ रहे हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ जारी दो मैचों की टेस्ट सीरीज के आखिरी मैच से उन्हें प्लेइंग इलेवन से भी बाहर कर दिया गया। हालांकि बीसीसीआई ने इसके पीछे हैमस्ट्रिंग को कारण बताया। प्लेइंग इलेवन से बाहर होने के बाद अब रहाणे के लिए टीम में वापसी करना आसान नहीं होगा। खबरों की मानें तो रहाणे से अब टेस्ट टीम की कप्तानी भी छीनी जा सकती है। हाल के समय में रहाणे अपनी खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं। 2021 में रहाणे ने 12 टेस्ट मैचों में 20.35 की एवरेज से केवल 407 रन ही बनाए हैं जबकि पिछले साल उनके बल्ले से चार मैचों में 38.86 की एवरेज से 272 रन ही निकले थे। जहीर ने क्रिकबज से बातचीत में कहा कि वह जल्द ही भारतीय टीम में वापसी करेंगे। हालांकि वह इस बात से भी सहमत नजर आए कि मौजूदा समय में देश में एक से बढ़कर एक युवा खिलाड़ी हैं ।

टिकिट

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965 ہمارا وطن ہفت روزہ
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

क्या ख़ाक लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

तीन कानूनों से आगे की बात

राम गोपाल सैनी

बेशक यह कहा जा सकता है कि कृषि कानूनों को लागू करने और उनको रद्द करने से जमीन पर बहुत कुछ नहीं बदला है, लेकिन इससे कम से कम इतना तो हुआ ही है कि हमारे कृषि संकट के बारे में जन-जागरूकता बढ़ी है और उनका समाधान निकालने के लिए ठोस प्रक्रिया की आवश्यकता सभी ने महसूस की है। अब यह इतिहास है कि नवंबर की 19 तारीख को अचानक ही अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन तीन विवादास्पद कृषि कानूनों को वापस लेने का एलान किया, जिनको पिछले साल सितंबर में संसद से पारित किया गया था। शीतकालीन सत्र के पहले ही दिन उन कानूनों को वापस भी ले लिया गया। जिस तरह से पिछले साल इन कानूनों को पास किया गया था, ठीक उसी तरह अब बिना किसी चर्चा के उनको निरस्त भी कर दिया गया। ऐसे में, उनको क्यों पेश किया गया और क्यों रद्द किया गया, यह अब भी आधिकारिक तौर पर एक अनसुलझा सवाल है।बहरहाल, संसदीय प्रक्रिया से इन कानूनों को आगे बढ़ाने से पहले ही इनका वापस होना तय था। सर्वोच्च अदालत ने उनको लागू करने पर रोक लगा रखी थी। तथ्य यही है कि सरकार उन तीनों कृषि कानूनों के प्रति अपनी प्रतिबद्धताओं से पीछे हटी है। यह आवश्यक वस्तु अधिनियम (ईसीए) के इस्तेमाल से स्पष्ट है, जो उन कानूनों में एक था, जिनको संशोधित किया गया था। न सिर्फ कुछ मामलों में ईसीए का इस्तेमाल असंगत बना दिया गया था, बल्कि यह भी दिखता है कि केंद्र सरकार उन प्रावधानों को लाने के लिए तैयार हो गई थी, जिनसे यह कानून खत्म हो जाता।हालांकि, यह भी स्पष्ट है कि सरकार की अपनी हिचकिचाहट से कहीं अधिक कानूनों की वापसी मुख्यत- किसान संघों के विरोध के कारण हुई।

अति आवश्यक सूचना

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन वीकली के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

– सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

माली समाज ने मनाई महात्मा ज्योतिराव फुले की पुण्यतिथि

चौमूं (हमारा वतन) चौमूं के रीगस रोड सैनी सभा भवन में महात्मा ज्योतिराव फुले विकास संस्थान के तत्वाधान मे पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी के मुख्य आतिथ्य में महात्मा ज्योतिराव फूले की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया । विशिष्ठ अतिथि नगर पालिका चौमूं चेयरमैन विष्णु कुमार सैनी रहे। पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी ने महात्मा ज्योतिराव फूले के चित्र पर पुष्पांजलि करते हुए महात्मा जी के पदचिन्हों पर चलते हुए समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने का आव्हान किया। कार्यक्रम में विष्णु कुमार सैनी ने भी महात्मा जी के जीवन पर प्रकाश डाला। संस्थान संरक्षक प्रहलाद सहाय अधोपिया ने भी अपने विचार व्यक्त किए । अध्यक्ष शंकर लाल सैनी ने सभी आगंतुओ को धन्यवाद देकर आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष राज कुमार कांकरवाल, मंत्री ओमकार तंवर, कोषाध्यक्ष महेंद्र कुमार जमालपुरिया, सयुक्त मंत्री ओमप्रकाश, सायर मल तंवर भवन निर्माण समिति अध्यक्ष ,पूर्व अध्यक्ष मदन लाल सतरावला, ,घीसा लाल तंवर, अर्जुन लाल सिंगोदिया, सुवा लाल सिंगोदिया, अनिल कुमार सैनी, डॉक्टर मान प्रकाश सैनी, डॉक्टर सोहन लाल तंवर, मोहन लाल तंवर, मोहन लाल सिंगोदिया,मोहन लाल सैनी, रामचंद्र तंवर, रामेश्वर सिंगोदिया, रामेश्वर चंदोलिया, प्रभाती लाल सेक्रेटरी, नानगराम सतरावाला, शंकर लाल जाखड़, नाथू लाल बिसनालिया, मदन लाल करवा, गेंदी लाल सैनी, सूरज मल करवा, पूरन मल करवा और कन्हैया लाल अधोपियां भी मौजूद रहे।

डॉ अशोक गुप्ता को मिला सर्वश्रेष्ठ शिक्षाविद का पुरस्कार

मुंबई (हमारा वतन) मुंबई के रंग शारदा सभागृह में आपकी आवाज द्वारा आयोजित किए गए 12वें महाराष्ट्र रत्न समारोह में डॉ अशोक गुप्ता को सर्वश्रेष्ठ शिक्षाविद का पुरस्कार देकर मुख्य अतिथि के रूप में स्वागत किया गया । उन्हें संगीतकार दिलीप सेन, अभिनेता अली खान द्वारा पुरस्कार दिया गया ।

इस अवसर पर दिव्या दत्ता,पूनम झावरे ,सुनील पाल, अरुण बख्शी और बहुत से ऐसे प्रसिद्ध अभिनेता और अपने क्षेत्र में अपना नाम ऊंचा करने वाले बिजनेसमैन ,संगीतकार, फिल्म निर्माता - निर्देशक उपस्थित रहे । गौरतलब है की डॉ अशोक गुप्ता को यह पुरस्कार मिलने पर उनके मित्र गणों तथा पत्रकारिता जगत ,शिक्षा जगत और फिल्मी दुनिया से जुड़े कई लोगों ने बधाई दी।

गोविन्दगढ में हुआ 'अभिनव कलेक्शन' का भव्य शुभारम्भ

जयपुर (हमारा वतन) चौमूं तहसील के गोविन्दगढ में अभिनव कलेक्शन का भव्य शुभारम्भ मुख्य अतिथि गोविन्दगढ़ डिप्टी संदीप सारस्वत , नगरपालिका चैयरमेन विष्णु कुमार सैनी और कालाडेरा कॉलेज छात्रसंघ अध्यक्ष चन्द्रकला नागौरी ने फीता काटकर किया । अभिनव कलेक्शन के संचालक राहुल कालोया ने बताया की हमारे यहाँ पेंट,शर्ट,ओढ़नी, लहंगा, वैवाहिक साड़ियाँ,फैंसी साड़ियाँ,बरी का बेस, सूटिंग शर्टिंग,ड्रेस मेटेरियल महिलाओं व पुरुषों के सभी प्रकार के उच्च क्वालिटी के कपड़े उचित रेट पर उपलब्ध हैं । नवीन प्रतिष्ठान के शुभारम्भ पर गोविन्दगढ सरपंच ओमप्रकाश शारदा ,मनोहर लाल सरावता लोहरवाडा , मुकेश मीणा उदयपुरिया, नन्छू यादव मलिकपुर ,मनीष सामरिया नांगल भरडा, ,अश्वनी कुमार जिला परिषद सदस्य, सम्पत चौधरी पंचायत समिति सदस्य ,सुरेश फौजी ,योगेन्द्र कांदेला पूर्व पंचायत समिति सदस्य झालावाड़, गोरीशंकर कुमावत, प्रहलाद शर्मा, बाबुलाल सिंगोदिया, कैलाश चन्द कालोया आदि ने शुभकामनाएँ दी ।

बलाई समाज के विशाल प्रतिभा सम्मान समारोह के पोस्टर का हुआ विमोचन

चौमूं (हमारा वतन) मोरीजा रोड कागलिया हनुमान मंदिर के सामने स्थित बलाई समाज सभा-भवन पर बलाई विकास समिति, जयपुर (मुख्यालय चौमूं) के तत्वावधान में 19 दिसंबर 2021 को आयोजित होने वाले समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं, जनप्रतिनिधि, नवनियुक्त अधिकारी, कर्मचारी एवं भामाशाहों का विशाल सम्मान समारोह के पोस्टर का विमोचन सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य राजेंद्र प्रसाद काला ने किया। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार घसिया, महासचिव हनुमान सहाय झाटीवाल, उपाध्यक्ष प्रहलाद राय जाटावत, रामावतार बॉयला, उप महासचिव सुरेन्द्र सिंह हरसोलिया, उप कोषाध्यक्ष गोपालचंद सोगण, सचिव गोपाललाल तंवर, सुरेश कुमार रांगेरा, रामकरण गोठवाल संगठन सचिव नाथूलाल बराला, कार्यकारिणी सदस्य सांवरमल? बुनकर, नरेश कुमार रोजड़ा, श्रवण कुमार अजमेरा, फूलचंद सिंगल आदि मौजूद रहे ।

नौकरशाही की सोच में बदलाव की जरूरत है

पिछले दिनों सीजेआई ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि अफसर यह न भूलें की कानून की जगह सत्ताधारी दल के इशारों पर चलने का यह नुकसान हो सकता है कि जब दूसरी पार्टी सत्ता में आती है तो उन्हें बदला ही झेलना पड़ता है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के गृह नगर गोरखपुर में एक निर्दोष युवा व्यापारी को पुलिस ने पीट-पीटकर मार डाला। गलती समझ में आई तो बता दिया कि बेड से गिरने से मौत हुई है। भीषण जनाक्रोश के मध्य मृतक की पत्नी से वीडियो में डी एम / एस पी कह रहे हैं कि मुकदमे से क्या मिलेगा कोई जानबूझकर तो मारा नहीं। दोनों अधिकारी प्रशासनिक सेवा के शीर्ष केडर से चुने गए हैं और कानून के प्रति वफादारी की शपथ ली हुई है।

कुछ अरसे पूर्व इसी राज्य के हाथरस जिले में डीएम / एसपी ने दुष्कर्म और हत्या की शिकार एक दलित का शव जबरदस्ती अंतिम संस्कार के नाम पर जला दिया था।

-इन अधिकारियों को किस साँचे में ढाला गया है?

- क्या चुने जाने और मंसूरी/ हैदराबाद में ट्रेनिंग के बाद इनमें से अधिकांश की संवेदना मर जाती है?

अभी कुछ हफ्ते पहले ही एक युवा आईएएस ने अगर आगे बढ़े तो आंदोलित किसानों का केवल फटा हुआ सिर देखने का आदेश पुलिस को दिया था ।

सोचिए जरा तीनों मामलों में कहीं भी यह अधिकारी कानून की रक्षा करते हुए नहीं दिख रहे हैं। पहले केस में स्थानीय एस एच ओ का अपराधी गुस्सा दोषी है तो दूसरे में गांव का दबंग और तीसरे में तो मात्र अंदेशे से ही किसानों के प्रति हिंसा भाव । पर सब का उद्देश्य एक ही है सत्ता वर्ग को सब कुछ सामान्य दिखे और राजनीतिक घाटा ना हो

-क्या यू पी एस सी की चुनाव प्रक्रिया में कोई दोष है ?

किशनगिरी गौ स्वामी

राज्यपाल से राज्यसभा सांसद पटेल की मुलाकात

जयपुर(नि.सं.)। कलराज मिश्र से यहां राजभवन में राज्यसभा सांसद प्रफुल्ल पटेल ने मुलाकात की। राज्यपाल मिश्र से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।

खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।

Email-
hamarawatan65@gmail.com
9214996258, 7014468512

RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
संरक्षक : बाबूलाल सैनी मो: 9352734588
सहायक सम्पादकः राकेश तिवाड़ी
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर शहर होगा